8-April -JAS Bhoomi -pg-1_Layout 1 4/8/2024 8:30 PM Page 1


हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 9 अप्रैल 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 30.2 डिग्री

4

निजी स्कूलों व दुकानदारों की मिलीभगत से खाली हो रही...



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों का ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक भ्रमण

**जशपुरनगर।** शासकीय रामभजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग के एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष व सहायक प्राध्यापक के साथ 8 अप्रैल को सोशल आउटरीच के अंतर्गत अपने प्रोजेक्ट कार्य को पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायत बालाछापर व ग्रामीण क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने पंचायत भवन पहुंच कर ग्राम पंचायत की कार्य प्रणाली, ग्राम सभा में आम जनों की भागीदारी से अवगत हुए। ग्राम पंचायत बालाछापर के रोजगार सहायक विनोद भगत से पंचायत के अंतर्गत सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया।

### संकल्प संस्था में प्रवेश हेतु आवेदन 15 तक आमंत्रित

**जशपुरनगर।** जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 13 मई को जिला मुख्यालय में पांच केंद्रों में आयोजित होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 02 बालक एवं 03 बालिका पहाडी कोरवा व बिरहोर जनजाति के होगें। संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं, संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा।

### सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु जिले भर में बैठक, निरीक्षण और प्रशिक्षण का दौर जारी है। इसी कड़ी में आज जिले की कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान एवं सेक्टर अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण हुआ। कुनकुरी स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से 709 मतदान अधिकारी एवं 14 सेक्टर अधिकारी सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही निर्वाचन से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विहित निर्देशों से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण में कुनकुरी एसडीएम नंदजी पाण्डेय ने पहुंचकर जारी प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दल के अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

### शिक्षकों के हित में सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखेगा शासन

**जशपुगनर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा से चर्चा में शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षको के हित में सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पक्ष रखा जाएगा, शिक्षको की सेवा सुरक्षा करेंगे,शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया शीघ्र शुरूकी जाएगी, बीईओ के पद पूर्ति नियम में हो संशोधन की गुंजाइश है, इसे परीक्षण किया जाएगा, पदोन्नति संशोधन पीड़ति शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान करेंगे,सीधी भर्ती और पदोन्नति नियम के 50 - 50 प्रतिशत के रेशियों का पालन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में बृजमोहन अग्रवाल शिक्षामंत्री स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन से 7 अप्रैल को मुलाकत करके बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षको को डीएड ब्रिज कोर्स कराकर सेवा सुरक्षा देने हेतु मांग रखा गया।

---

लकड़ी काटने जंगल गए तो खैर नहीं

# गुस्साए हाथी ने लकड़हारे को कुचल कर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जंगल में रहने वाले जंगली जानवरों के स्थान पर मनुष्य अपना कब्जा जमाने लगे तो निश्चित ही दोनों जंगली जानवरों और मनुष्यों में एक दूसरे के प्रति द्वंद होना स्वाभाविक सी बात है। ऐसा ही एक मामला छत्तीसगढ़ प्रदेश के जशपुर जिले के उस क्षेत्र से सामने से सामने आया है,जो नागलोक के नाम से विख्यात है यहाँ आए दिन हाथी मानव के बीच द्वंद्व की स्थिति देखी जा रही है।जहां एक बार फिर जंगली हाथी ने एक ग्रामीण लकड़हारे को अपने पैरों तले कुचला कर मार डाला है

■ आम्बाकछार के जंगल में हो रही थी लकड़ी की अवैध कटाई

जशपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र तपकरा के आम्बाकछार के जंगल में रविवार शाम को पेड़ों की अवैध कटाई करने वाला ग्रामीण अमीर एक्का को हाथी ने कुचल कर मार डाला। इस दौरान कुपित हाथी के हमले से दर्जनों अन्य लोगों ने भाग कर अपनी जान बचा कर भाग खड़े हुए है। रविवार की शाम जैसे ही हाथी के चिंघाड़ने की आवाज आई पूरा गाँव मे दहसत का माहौल बन गया तभी ग्रामीणों ने देखा जंगल की ओर से कुछ लोग भागते हुए आ रहे थे गाँव आने के बाद उनका एक साथीं वापस नही आ पाया जिसकी सूचना उन्होंने डोंगादरहा के सरपंच उत्तम पैंकरा को दी गई।सरपंच ने बिडगार्ड सहित वन अमले को सूचना दी घटना की जानकारी मिलते वन अमला मौके पर पहुंच गया। और जंगल मे छुटे अमीर एक्का की तलाश शुरू की जिसमे ⏭ शेष पेज 4 पर



मौके पर वन विभाग की टीम।

**25 हाथियों का अभी भी जंगल मे डेरा:** इन दिनों पत्थलगांव, कांसाबेल और तपकरा क्षेत्र 4 दल मे 25 हाथी विचरण कर इसी हैं।इन हाथियों की गतिविधियों को लेकर जंगल के समीप वाले रिहायशी इलाकों में लगातार सचेत किया जा रहा है। इसके बाद भी ग्रामीण हाथियों के समीप पहुंच जा रहे हैं। हाथी मित्र दल के अविनाश शर्मा ने बताया कि लगातार ड्रोन के माध्यम से हाथियों पर नजर रखी जा रही है। हाथियों की गतिविधियों की सूचना लगातार ग्रामीणों के देकर जंगल न जाने की अपील की जा रही समझाईश के बाद भी जंगल जाने से ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। यदि अलर्ट के बाद ग्रामीणों जंगल जाने से परहेज करेंगे तो घटनाओं में कमी आ सकती है।

**ग्रामीणों ने कहा मड़वा गाड़ने शादी के प्रयोजन से काटी लकड़ी:** ग्रामीणों ने वन विभाग को बताया कि उनके घरों में शादी है जिसके वजह से सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार जंगल से लकड़ी काट कर वे मड़वा बना कर शादी करते है।जसके लिए हरे भरे पेड़ो को भी काटा गया है। लेकिन मडवे में तो केवल 9 खम्बे व टहनियों की आवश्यकता होती है फिर बड़ी मात्रा में लड़कियों का कटाव खेतो की घेराव सहित अन्य अवैधानिक गतिविधियों के लिए किया गया होगा जो जाँच का विषय है।

### तैयार हो रहा मुआवजा प्रकरण

कुपित हाथी के संबंध वन विभाग ने पहले ही एलर्ट जारी कर दिया था। इसके बाद भी अवैध कटाई करने वाले जंगल पहुंच गए थे। जहाँ जंगल से काटी गई अवैध लकड़ी जप्त की गई है 3 मोटरसाइकिल भी जप्त की गई है। अवैध लकड़ी काटने वाले अन्य 9 के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। मृतक के परिजनो को तत्काल सहायता राशी 25 हजार मौके पर दे दी गई है। मुवाबजा प्रकरण भी तैयार किया जा रहा है।

-जितेंद्र उपाध्याय
वन मंडल अधिकारी जशपुर

### दी गई तत्काल सहायता राशि

वन विभाग ने हाथी के हमले से मौत के मामले में तत्काल 25 हजार सहायता राशी दी गई है। मुवाबजा प्रकरण बनाया जा रहा है साथ ही आवैध कटाई का भी प्रकरण दर्ज किया गया है जिसमे 9 ग्रामीणों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। जप्त 2 ट्रेक्टर लड़की में लड़की केकट साजा,सेंधा,धौरा सहित अन्य छोटी बड़ी लकड़ियां जप्त की गई है। ग्रामीणों का कहना था कि वे शादी का मड़वा गाड़ने के लिए लकड़ी काटी थी ग्रामीणों को समझाईश देकर जागरूक किया जा रहा है।

-आकांक्षा लकड़ा
रेंजर वन परिक्षेत्र तपकरा

### शराब बनी मौत की वहज

घटना स्थल पर मौके से शराब की बोतलें डिस्पोज मिक्चर की पैकेट बिखरी मिली थी ग्रामीणों ने बताया कि इन लोगो को जंगल मे हाथी आया है मत जाओ बोल कर समझाया भी गया था उसके बावजूद वे किसी की नही सुने थे सभी 10 लोग एक जगह जंगल मे बैठ कर शराब सेवन किये थे जिसके बाद लकड़ी की कटाई कर एकत्र कर जंगल से गाँव ले जाने ट्रैक्टर का इंतजार कर रहे थे तभी अचानक एक ने हाथी को आते देखा ओर भागने लगे लेकिन अमीर एक्का शराब के नशे में बेशुद था भाग नही पाया।

### अवैध लकड़ी से जंगल का हो रहा विनाश

मामले को देखते ही लग रहा है कि आए दिन बडे पैमाने में जंगलो से अवैध लड़की कटाई व तश्करी से जंगलो का विनाश हो रहा है। इन लड़कियों का प्रयोग शराब बनाने, खेतो का घेराव करने,अवैध इट भट्ठों में जलाने, घरों की काण्ड कोराई बनाने में मुख्यतः प्रयोग किया जाता हैं।जिसे रोका नहीं गया है तो निश्चित ही जंगलो का विनाश हो जाएगा।

---

# युवती को ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** युवती को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

थाना पत्थलगांव क्षेत्र की 22 वर्षीय युवती ने अपने परिजनों के साथ 07 फरवरी को थाने में उपस्थित होकर लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिलासपुर में रहकर पढ़ाई करती है। उसे पत्थलगांव निवासी आरोपी जतिन अग्रवाल अपने मोबाइल से व्हाट्सअप किया व चैट करने लगा। बीच-बीच में वह प्रार्थिया को फोन करता था। प्रार्थिया द्वारा रिंग रिसीव नहीं करने पर आरोपी ने फोन कर कहा कि-तुम्हारा फोटो मेरे पास है,मुझसे बात करो नहीं तो मैं अश्लील फोटो में एडिट कर तुम्हारे परिवार एवं जान-परिचय वालों में वायरल कर दूंगा, अगर बचना है तो अपना अष्लील विडियो बनाकर मुझे भेजो। उसके कहने पर प्रार्थिया घबराकर वीडियो बनाकर जतिन अग्रवाल के व्हाट्सअप में भेज दी व कहा,कि वीडियो को कहीं मत भेजना। इसके बाद प्रार्थिया उससे बात करना बंद कर दी थी। लगभग 03 माह पूर्व आरोपी ने प्रार्थिया को फोन कर मिलने हेतु अपने पास बुला रहा था, जिसे मना करने पर प्रार्थिया के अश्लील विडियो को वायरल कर दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सायबर सेल एवं मुखबीर की सूचना पर प्रकरण के आरोपी जतिन अग्रवाल को दबिश देकर बिलासपुर से अभिरक्षा में लेकर थाना पत्थलगांव लाया गया, पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त मोबाईल सिम को उसने तोडकर फेंक देना पाये जाने पर धारा 201 भा.द.वि. जोड़ी गई है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाईल को जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 354(ग), 509(ख), 201 भा.द.वि. एवं 67(ए) आई.टी. एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी जतिन अग्रवाल उम्र 25 वर्ष निवासी बर्फ फैक्ट्री गली अम्बिकापुर रोड़ पत्थलगांव को 07 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप चन्द्राकर, नसरूद्दीन अंसारी, अनंत मिराज, मुकेश पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

■ बिलासपुर से लिया गया पुलिस अभिरक्षा में

---

# दूसरों के जीवन में उजाला फैलाने वाले स्वयं अंधेरे में

**जशपुरनगर।** सीएसपीडीसीएल जशपुर जिले के सभी सब स्टेशन को ऑपरेट करने के लिए विभाग ने ठेका दिया है। ठेका लेने वाली कंपनी टीवीएस इंटरप्राइजेस प्रावईट लिमिटेड पुणे ने स्थानीय नौजवानो को ऑपरेटर के रूप मे नियुक्त किया है। परंतु तीन महीने में एक बार वेतन दिया जा रहा है और कुछ ऑपरेटरों को लगभग एक साल से वेतन का भुगतान ही नहीं किया गया है।

ठेका कंपनी के सुपरवाइजर अंकुश ठाकुर द्वारा वेतन का भुगतान करने के एवज में प्रति ऑपरेटर पांच सौ से सात सौ रुपए की मांग की जाती है। पैसे नही देने की स्थिति में नौकरी से निकलने और अन्यत्र स्थानांतरण करने की धमकी दी जाती है। जिन ऑपरेटरों का एक साल का वेतन नहीं दिया गया है उनके द्वारा वेतन की मांग करने पर सुपरवाइजर ने चालीस हजार रुपए की मांग की जाती है। नही देने पर वेतन नहीं देने की धमकी दी जाती है। महिला ऑपरेटर को आधी रात को वीडियो कॉल कर के उन्हें मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया जा रहा है। जिले भर के सब स्टेशन के और काम करने वाले सब स्टेशन के ऑपरेटर एक जुट होकर आज जशपुर पहुंचे हैं। सोमवार को कार्यपालन यंत्री सीएसपीडीसीएल जशपुर के दफ्तर पहुंचे ठेका कंपनी के खिलाफ शिकायत लेकर। कार्यपालन यंत्री के कार्यालय में न होने के करण ऑपरेटर अपनी शकायत दर्ज नहीं करा पाए है। सभी ऑपरेटर पुलिस अधीक्षक से भी मिलकर अपनी परेशानी बताने एस पी कार्यालय गए।



बिजली ऑफिस पहुंचे ऑपरेटर।

### सुनील चक्रेश, रूपेश एक्का ऑपरेटर

हम लोग पिछले साल अप्रैल में ज्वाइन किया था लेकिन आज तक हमे कंपनी की ओर से एक पैसे का भी भुगतान नहीं किया गया है। वेतन मांगने पर सुपरवाइजर द्वारा 40 हजार रुपए की मांग की जाती है। अगर नही दिया गया तो वेतन नही मिलेगा ज्यादा कुछ बोलने पर नौकरी से निकलने की धमकी दी जाती है। अपने घर से पैसा लगा कर कब तक काम किया जा सकता है। मजबूर होकर हमे यह कदम उठाना पड़ रहा है।

---

# स्वामी आत्मानंद स्कूल कोतबा का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोतबा।** नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिंदी माध्यम विद्यालय ने परीक्षा परिणाम घोषित कर प्रमाण पत्रों का वितरण कर दिया है। परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रिंसिपल फिल्मोन्न एक्का और विद्यालय परिवार की और से सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

■ शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दिया प्रमाण पत्र

उन्होंने कहा,यह परीक्षा जीवन की परीक्षा नहीं केवल एक वर्ष की परीक्षा है। थॉमस अलावा एडिशन का उदाहरण देते हुए उनके जीवन से सीख लेने की बात प्राचार्य ने कहीं। सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए प्राचार्य ने कहा कि सफलता का निवास किसी के घर पर स्थायी नहीं होता। अतः ऐसे विद्यार्थियों को और भी मेहनत करने की जरूरत है ताकि सफलता हमेशा मिलती रहे। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया। कक्षा पहली में पहला स्थान भवानी चौधरी व मनन सिद्धांत यादव ने हासिल किया दूसरा जिग्नेश जांगड़े व तीसरा स्थान लक्की चौहान ने प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में पहला स्थान नितिन तिगा,दूसरा आइशा भगत व तीसरे स्थान पर लिवेश पैंकरा रहे। कक्षा तीसरी में पहला स्थान रूपेंद्र यादव, दूसरा स्थान प्रांजल नायक,व तीसरा स्थान सास्वत गुप्ता ने प्राप्त किया। कक्षा चौथी में पहला स्थान अनुष्का भगत दूसरा स्थान प्रशांत साहू व तीसरा स्थान श्रेया साहू ने हासिल की। ⏭ शेष पेज 4 पर



परीक्षा परिणाम लेने पहुंचे अभिभावक व छात्र-छात्राएं।

---

## ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण



**जशपुरनगर।** जिले के तीनों विधानसभा जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के लिए आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए ईवीएम रेंडमाइजेशन के तहत ईएमएस ईवीएम मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपीएटी का प्रथम स्तरीय रेंडमाइजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति में प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण किया गया। जिसके अंतर्गत उपलब्ध मशीनों को विधानसभा वार निर्धारित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, एनआईसी डीआईओ संजय खाखा, लाइवलीहुड प्राचार्य अमरनाथ तथा निर्वाचन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाएं

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने चिकित्सा अमला को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, आमजनों तक सेवाओं की पहुंच, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति, चिकित्सकों की उपलब्धता, चिकित्सकीय उपकरणों, दवाइयों की उपलब्धता सहित अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

■ कलेक्टर ने लिया स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

उन्होंने जिला चिकित्सालय , सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत चिकित्सकों के द्वारा किए गए ओपीडी कार्य की जानकारी ली एवं सभी चिकित्सकों को समय में उपस्थित रहकर ओपीडी कार्य सुनिश्चित करने निर्देश दिए। कलेक्टर ने विलेज हेल्थ सैनिटाइजेशन एंड न्यूट्रिशन डे के कार्य योजना की जानकारी लिया एव जहां दुरस्त क्षेत्र है जिसका स्थान चयन किया जा सकता है और वीएचएसएनडी सेशन प्रारंभ किया जा सके संबंधित को कार्य योजना बनाकर अवगत कराने कहा। उन्होंने वीएचएसएनडी के दौरान सिकल सेल जांच करने भी कहा। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सिकल सेल स्क्रीनिंग हेतु समस्त चिरायु टीम, उप स्वास्थ्य केंद्र में दिए गए लक्ष्य अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

---

## अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन



**जशपुरनगर।** जिला पंचायत सीईओ ने शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्कूल जशपुर पहुंचकर वहां चल रहे मतदान दल दो एवं तीन के अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विभिन्न कक्ष में पहुंचकर प्रशिक्षण के व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाइश नहीं होती है। इसलिए निर्वाचन के कार्य को विशेष सतर्कता एवं सावधानी के साथ करना अत्यंत आवश्यक है।

---

भाजपा परिवार की रीति-नीति देखकर सदस्य बन रहे लोग

# जशपुर की धरती वो माटी जहां पैदा होते हैं नेता : गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक गोमती साय ने कार्यकर्ताओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सैकड़ों की संख्या मे लोग भाजपा परिवार की रीति-नीति को देखकर सदस्य बन रहे है। सदस्य बनने वालों का भाजपा परिवार खुले मन से स्वागत करता है।

■ विधानसभा की तरह लोकसभा चुनाव में भी जीताएंगे मेरा विश्वास

विधायक श्रीमती साय कहा कि जिस प्रकार आप सब ने पूरे विश्वास के साथ मुझे जीताकर यहां का विधायक बनाया है ये मेरे लिए शगुन है, आप सब ने मुझे यंहा से विधायक बना कर भेजे दान है आने वाले समय मे पत्थलगांव बीजेपी का गढ़ होगा। मैं विश्वास दिलाती हूं। जिस विश्वास से है उसी विश्वास और उसी शगुन का परिणाम है कि आज इस विधानसभा क्षेत्र का बेटा इस प्रदेश का मुखिया है। इस बात को हम गर्व से कह सकते है की जशपुर की यह धरती वो माटी है जहां नेता पैदा होते हैं। इस बात पर जशपुरिया लोगों को गर्व होना चाहिए। विधानसभा में आप सब से शगुन मिला है उसी भांति इस बार लोकसभा में भी यही शगुन व विश्वास देकर भाजपा को जिताएंगे। आप सब 275 बूथों में जा जाकर काम करेंगे। अब पत्थलगांव में काला टीका नहीं लगने देंगे क्योंकि अब ऊर्जा के दिन आ गए हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भाई राधेश्याम राठिया को भारी मतों से जीताकर लोकसभा भेजेंगे। मैं आप सब पर विश्वास करती हूं भाजपा के ध्येय वाक्य अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करेंगे।





कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करती विधायक गोमती साय।

---

# पत्थलगांव में मतदान दलों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**जशपुरनगर।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आगामी लोक सभा चुनाव 2024 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण सोमवार को स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रारंभ हुआ। इसमें 430 पीठासीन अधिकारी और मतदान कर्मी व सभी सेक्टर अधिकारी शामिल हुए।

■ स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर प्रशिक्षण का लिया जायजा

पत्थलगांव एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने स्वामी आत्मानंद स्कूल पहुंचकर प्रशिक्षण का अवलोकन किया। एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य विशेष प्राथमिकता वाला कार्य है। इसलिए इस कार्य को विशेष सावधानी के साथ पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी महिला मतदान कर्मियों को निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य में सहभागी बनने के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण में मतदान दलों को माक पोल की प्रक्रियाएं, मतदान दिवस के दिन सभी मतदाताओं को इपिक कार्ड के अतिरिक्त अन्य 12 महत्वपूर्ण दस्तावेज में से किसी एक दस्तावेज को लेकर मतदान केन्द्र में मतदान हेतु आने के संबंध में जानकारी दिए।



मतदान दलों की प्रशिक्षण का निरीक्षण करते एसडीएम।

8- APR-Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg-2_Layout 1 4/8/2024 8:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आरोपों के बावजूद बेफिक्र नजर आए अमेरिकी रैपर

अमेरिकी रैपर शॉन 'डिडी' कॉम्ब्स मौजूदा समय में यौन तस्करी की जांच की वजह से होमलैंड सिक्योरिटी के निशाने पर हैं। इस बीच उन्हें मियामी के एक रेस्तरां में देखा गया। गंभीर आरोपों से घिरे होने के बाद भी हंसते, मुस्कुराते और धूम्रपान करते दिखाई दिए जैसे इस केस का उन पर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ा हो। पिछले हफ्ते उनके एलए और मियामी एस्टेट पर की गई छापेमारी के बाद यह नजारा सामने आया है। सफेद शॉर्ट्स में बिना शर्ट के वे फ्लोरिडा की धूप



और धूम्रपान का लुत्फ उठाते नजर आए। यह पहली बार नहीं है जब रैपर को जांच के दौरान बेफिक्र होकर मस्ती करते देखा गया है। पिछले गुरुवार को उन्हें लड़कियों के साथ मियामी बीच में टॉप गोल्फ में देखा गया था। बाहर निकलते समय उन्होंने फोटोग्राफरों की ओर मुस्कुराते हुए पोज दिया था। वहीं एक अन्य वीडियो में वे एक बकेट टोपी और एक बड़े साइज का सोने का हार पहने नजर आए थे। उनके गले में नारंगी रंग का तौलिया भी था। रैपर इस हफ्ते बहामास में छुट्टियां मनाने जाने वाले थे, लेकिन अचानक हुई छापेमारी से उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने उनके घर की तलाशी ली और रैपर के दो बेटों को हिरासत में ले लिया गया। साथ ही, उन्हें भी हवाई अड्डे पर रोक दिया गया।

### टॉलीवुड

## विजय बोले- खाली शैंपू की बोतल में पानी भर करता हूं इस्तेमाल

साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'फैमिली स्टार' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म के प्रचार के लिए वे लगातार इवेंट्स कर रहे हैं।



साथ ही साक्षात्कार भी दे रहे हैं। अब उन्होंने हाल ही में दिए साक्षात्कार में खुद को मिडिल क्लास लड़का बताया है। इसके अलावा उन्होंने खुलासा किया है कि वह घर में भी काफी नॉर्मल जिंदगी जीते हैं। अभिनेता विजय देवरकोंडा ने एक कार्यक्रम में मेगास्टार चिरंजीवी के साथ बातचीत करते हुए खुद को मध्यम वर्गीय लड़का कहा। हाल ही में, हैदराबाद में तेलुगु डिजिटल मीडिया फेडरेशन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जहां अभिनेताओं ने अपने-अपने करियर पर चर्चा की और पारिवारिक मूल्यों के बारे में भी बात की। विजय ने कहा, ₹मेरी जिंदगी बहुत बदल गई है, लेकिन मेरे दिमाग में मैं अभी भी वही मध्यम वर्ग का लड़का हूं। मुझे अभी भी शैंपू की बोतल लगभग खाली होने पर पानी डालने की आदत है, इसलिए मैं बोतल में पानी डालकर फिर से इसका इस्तेमाल करता हूं। इसे फेंकने से पहले मैं देख लेता हूं कि अभी इसका और इस्तेमाल किया जा सकता है या नहीं। इसी क्रम में चिरंजीवी ने कहा कि वह भी खत्म हो गए साबुन को फेंकने के बजाय एक और सप्ताह के लिए उपयोग करने के लिए छोटे साबुन के टुकड़ों को मिलाते हैं।₹ यही नहीं, मेगास्टार अपने परिवार के सदस्यों को बिजली बचाने को लेकर भी शिक्षित करते हैं। चिरंजीवी ने कहा, ₹मेरा परिवार आदतन बिजली बर्बाद करता है और मैं लाइट बंद कर देता हूं। मैं जल संरक्षण के बारे में भी विशेष ध्यान देता हूं।₹ वर्कफ्रंट की बात करें तो विजय अपनी अगली फिल्म 'फैमिली स्टार' की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसमें वह मृणाल ठाकुर के साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है। फैंस फिल्म को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का मुहुर्त

छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लागे हे मोला तोर लगन' का आज लोकायन हॉल में शानदार मुहुर्त हुआ। बतौर विशेष अतिथि निर्देशक द्वय सतीश जैन



एवं संतोष जैन मौजूद थे। निर्माता लक्ष्मी महंत एव निर्देशक बलवंत राय की इस फ़िल्म में विशाल दुबे एवं सुचारिता स्वाइन की जोड़ी नज़र आएगी। प्रोडक्शन हेड पूरन किरी हैं। विशेष अतिथि व्दय सतीश जैन एवं निर्देशक संतोष जैन ने मंच से अपने विचार रखते हुए कहा कि "लागे हे मोला तोर लगन' यह टाइटल ही अपने आप में काफी अच्छा है और बनने जा रही इस फिल्म से बहुत से अनुभवी लोग जुड़े हैं। स्वाभाविक है नतीजा अच्छा आएगा।" इस दौरान डायरेक्टर बलवंत राय, प्रोडक्शन हेड पूरन किरी, संगीतकार संजय मैथिल, नायक विशाल दुबे, नायिका सुचारिता स्वाइन एवं अभिनेता संजय महानद ने फिल्म से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला। मंच पर अतिथियों के रूप में निर्माता अलक राय, वरिष्ठ पत्रकार अनिरुद्ध दुबे, निर्देशकगण अनुमोद राजवैद्य, गंगा सागर पंडा एवं शांतनु पाटनवार की उपस्थिति रही। 'लागे हे मोला तोर लगन' के अन्य प्रमुख कलाकार पूरन किरी, डॉ. अजय सहाय, संजय मैथिल, अंजलि सिंग, गंगा सागर पंडा, संगीता निषाद, लवनीत सिन्हा, अमन सागर, प्रगति गुप्ता, श्रुति सिंग, हर्षवर्धन पटनायक, प्रतीक सिंह, सारू दुबे, बेनेडिक्ट फ्रांसिस, निकिता ठाकुर एवं रूपाली चौहान हैं। डीओपी राम सिंग के. हैं। कहानी एवं पटकथा दिलीप कौशिक की है। संवाद राजीव सर्राफ ने लिखे हैं। क्रियेटिव वर्क मोहक जाट का होगा।


## मेटावर्स फैशन

लाइफ स्टाइल



मेटावर्स फैशन वीक ने भविष्य के लिए फैशन इंडस्ट्री को नए आयाम दिए है। एमवीएफडब्ल्यू का दूसरा वार्षिक संस्करण एथेरियम ब्लॉकचेन द्वारा संचालित एक आभासी सामाजिक दुनिया, डिसेंट्रालैंड प्लेटफॉर्म पर आयोजित एक फैशन-भरा चार दिवसीय कार्यक्रम था। जिसमें 60 से अधिक डिजाइनरों और कलाकारों के साथ, इस शो में कोच, टॉमी हिलफिगर और डीजल जैसे बड़े नाम शामिल हुए। साथ ही वेब नेटिव ड्रेसएक्स, द फैब्रिकेंट और इंस्टीट्यूट ऑफ डिजिटल फैशन ने भी अपनी भागीदारी दी।

## आंखों के नीचे पड़ रहे हैं एजिंग स्पॉट्स, तो अपनाएं ये ब्यूटी हैक्स



40 की उम्र होने के बाद आखों के नीचे पड़ रही हैं झाइयां, तो ये घरेलू नुस्खे आपके आ सकते हैं काम। एक बार जरूर ट्राई करके देखें। उम्र बढ़ने के साथ-साथ त्वचा में बहुत सारे बदलाव आते हैं। आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स आना या फिर झाइयां पड़ना भी इन्हीं में से एक। यह दिक्कत आम तौर पर हर किसी को उम्र के 35वें पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते हो जाती है। खासतौर पर 40 की उम्र की महिलाओं के चेहरे पर आपको एजिंग स्पॉट्स नजर आए जाएंगे। ब्यूटी एक्सपर्ट डॉक्टर भारती तनेजा कहती हैं, ₹ आंखों के नीचे का हिस्सा गतिशील नहीं होता है, इसलिए एजिंग स्पॉट्स आने की सबसे ज्यादा संभावनाएं वहीं होती हैं। इसलिए आपको चेहरे की मसाज नियमित करनी चाहिए और आप रसोई में मौजूद कुछ चीजों का भी प्रयोग कर सकती हैं। ₹आपको बताएंगे कि किसी तरह से आप आंखों के नीचे आ रहे एजिंग स्पॉट्स को कम कर सकती हैं या फिर आने से रोक सकती हैं।

### क्यों पड़ते हैं आंखों के नीचे एजिंग स्पॉट्स?

एज फैक्टर के अलावा इसके दो कारण हो सकते हैं। पहले तो यह कि आंखों के नीचे आप मसाज नहीं करती हैं और दूसरा यह कि आप बहुत ज्यादा धूप में रहती हैं। दरअसल, धूप में रहने की वजह से त्वचा में मेलेनिन ज्यादा बनने लगता है और इससे चेहरे पर डार्क स्पॉट्स उभर आते हैं।

### आंखों के नीचे डार्क स्पॉट्स को कम करने के उपाय

एलोवेरा जेल और गुलाबजल को मिक्स करके आइस ट्रे में मिश्रण को डालें और आइस क्यूब्स बना लें। फिर आप इन आइस क्यूब्स को आंखों के नीचे लगाएं। नियमित रूप से आप 5 मिनट ऐसा करें। इससे आपकी आंखों के नीचे के डार्क सर्कल्स और स्पॉट्स दोनों ही गायब हो जाते हैं। ग्रीन-टी के पानी में नींबू के रस की 5 बूंद मिक्स करें और इसे ठंडा कर लें। फिर आप इस मिश्रण में कॉटन बॉल्स को डिप करें और इस मिश्रण को आंखों के आस-पास लगाएं। इस मिश्रण को आप लगा छोड़ सकती हैं। इससे भी डार्क स्पॉट्स कम होंगे और आंखों में चमक भी बढ़ेगी। दूध की मलाई को पान के पत्ते में रख कर ठंड कर लें और फिर आप इसे आंखों पर लगाएं। ऐसा करने से भी डार्क सर्कल्स कम होते हैं और एजिंग स्पॉट्स भी हल्के पड़ने लगते है। त्वचा में मेलेनिन कम बनें, इसके लिए आप बाजार में मिलने वाली सनस्क्रीन इस्तेमाल करें।

## नवरात्रि के नवरंग, मां के सभी स्वरूपों की पूजा के लिए पहनें अलग-अलग रंग



फैशन



मार्च में होली के बाद सबसे प्रमुख त्योहार नवरात्रि का आता है। इस बार चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रही है। नवरात्रि नौ दिनों का पावन पर्व है, जिसमें माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है। भक्त उपवास रखते हैं और नौ दिनों तक मां के हर स्वरूप की खास पूजा करते हैं। जैसे सभी देवियों का अलग स्वरूप है, वैसे ही उनको प्रसन्न करने का अलग तरीका है। माता के सभी नौ स्वरूपों के अलग अलग प्रिय रंग हैं। माता के प्रिय रंग से उनका श्रृंगार कर सकते हैं।

### प्रथम नवरात्रि पीला रंग

नवरात्रि की शुरुआत माता शैलपुत्री की पूजा से होती है। पहले दिन घटस्थापना के बाद मां शैलपुत्री की उपासना की जाती है। इस दौरान पीले रंग के वस्त्र पहनकर घटस्थापना करना और पूजा करना शुभ माना जाता है। आप भी नवरात्रि के पहले दिन पीले रंग के कपड़े पहनें। माता का श्रृंगार भी पीले रंग के वस्त्रों से कर सकते हैं।



### दूसरा दिन हरा रंग

चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होती है। मान्यता है कि मां ब्रह्मचारिणी को हरा रंग प्रिय है। इस दिन हरे रंग की साड़ी या कुर्ता सलवार में तैयार हो सकते हैं और माता की पूजा कर सकते हैं।

### तीसरा दिन भूरा रंग

देवी चंद्रघंटा की पूजा नवरात्रि के तीसरे दिन की जाती है। मां चंद्रघंटा की पूजा में भूरे रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है। भूरे रंग का कुर्ता और लॉन्ग स्कर्ट पहन सकती हैं। सलवार सूट और फ्लोरल प्रिंट भूरी साड़ी भी काफी सुंदर लुक दे सकती हैं।

## क्या लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए? जानें इससे जुड़े ब्यूटी हैक्स

होंठों पर लगी लिपस्टिक को लॉन्ग-लास्टिंग बनाने के लिए आपको रोजाना लिप केयर रूटीन को फॉलो करना चाहिए। मेकअप करना हम सभी पसंद करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा लिपस्टिक को होंठों पर हम लगाते हैं। वहीं गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। इस मौसम में अक्सर हम लिपस्टिक को स्टोर करने के लिए अलग-अलग तरीकों को आजमाते हैं। ऐसे ही सबसे ज्यादा हमने देखा होगा कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखा जाता है। आखिर यह क्यों किया जाता है और यह कितना सही है? क्या आप जानते हैं? तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं कि लिपस्टिक को फ्रिज में रखने से क्या होता है और यह कितना सही है। साथ ही, बताएंगे लिपस्टिक से जुड़े कुछ अमेजिंग हैक्स।



**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में रखना चाहिए ?** : मार्केट में आपको अनेक प्रकार की लिपस्टिक टेक्सचर देखने को मिल जाएंगे। इसमें ज्यादातर आपको क्रेयॉन और लिक्विड प्रोडक्ट्स देखने को मिलेंगे। बता दें कि मैट, ग्लॉस और सेमी मैट लिपस्टिक को स्टोर करने के तरीके एक दूसरे से बिल्कुल अलग होते हैं। ज्यादातर क्रेयॉन में मिलने ग्लॉसी और सेमी मैट लिपस्टिक को गर्मी के मौसम में पिघलने से बचाने के लिए आप इसे फ्रिज में रख सकती हैं। वहीं लिक्विड में केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को आप फ्रिज में रख सकती हैं।

**किस तरह की लिपस्टिक को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए ?**: ज्यादातर लिपस्टिक में ग्लॉस और मैट फिनिश को पसंद किया जाता है। ऐसे में हमें केवल ग्लॉस या शाइन वाली लिपस्टिक को ही फ्रिज में रखना चाहिए। गलती से भी आपको फ्रिज में मैट फिनिश लिपस्टिक को नहीं रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि मैट लिपस्टिक में ऑयली प्रदार्थ कम होते हैं और फ्रिज में रखी हुई लिपस्टिक को सीधे होंठों पर लगाने से ये लिप्स को ड्राई कर सकती हैं। ऐसे में आपको लिपस्टिक की सही फिनिश भी नहीं मिल पाएगी।

## मंगलसूत्र के ऐसे डिजाइंस जो आपने पहले नहीं देखे होंगे

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपको मंगलसूत्र बनवाने के कुछ रोचक आइडियाज के बारे में जानना चाहिए। इन्हें आप भी एक बार ट्राई कर सकती हैं। आज आपके लिए कुछ ऐसे ही मंगलसूत्र के डिजाइंस, जो आपका मन मोह।



### अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। आप यदि बहुत ज्यादा महंगा मंगलसूत्र नहीं खरीदना चाहती हैं, तो 14, 18 और 20 कैरेट गोल्ड में आपको लाइटवेट मंगलसूत्र मिल जाएगा। आप इस तरह के मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

### नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं। यह मंगलसूत्र भी आपको ऑर्डर पर बनवाना होगा और इसमें अधिकांश लाइटवेट मंगलसूत्र ही आपके देखने को मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

### तपिश भरे मौसम में आउटफिट्स पर ध्यान देना जरूरी

## गर्मियों के दौरान कूल और स्टाइलिश लुक के लिए अपनाएं फैशन टिप्स

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।



### कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।

### सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

### जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### टोपी पहनने में न शर्माएं

आमतौर पर गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक UV किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।


### शर्ट की स्लीव्स को रोल करें

यह गर्मियों के दौरान पुरुषों के लिए सबसे आसान और प्रभावी स्टाइलिंग हैक्स में से एक है और इसके लिए उन्हें ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं है।

बस फुल स्लीव्स की शर्ट पहनें और उसकी स्लीव्स को रोल करते हुए कोहनी के ऊपर रखें। इसके अतिरिक्त, अपने बालों और दाढ़ी को भी समय-समय पर ट्रिम करते रहें। इससे आपको बहुत अच्छा लुक मिलेगा।

8- APR-Jash-RAGH-CORIY- JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/8/2024 8:26 PM Page 1






# अजय देवगन की 'मैदान' का गाना 'रंगा रंगा' जारी

**मुंबई।** 'शैतान' की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म 'मैदान' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है। इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। इससे पहले अब निर्माताओं ने 'मैदान' का नया गाना 'रंगा रंगा' जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। 'मैदान' की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी।

लाइफ Style

# मलाइका



बालीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोडा अपने पूर्व पति अरबाज खान के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं। इस दौरान जहां मलाइका अपनी मां के साथ थीं वहीं अरबाज के साथ उनकी पत्नी शूरा और पिता सलीम खान थे।

## अरबाज के परिवार के साथ डिनर करने पहुंचीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डिनर करने के बाद जब सभी बाहर निकले तो कैमरा में स्पॉट हुए। इतना ही नहीं मलाइका की मां फिर सलीम खान के साथ कार में घर गईं। ये फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस उन सबके बीच बोंडिंग देख खुश हैं। मलाइका काफी ग्लैमरस लग रही थीं। सलमान खान के पिता सलीम खान रेस्टोरेंट से बाहर आकर जब गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तो उस दौरान पैपराजी ने मलाइका और उनकी मां के साथ उनकी फोटो क्लिक कीं। अरबाज और शूरा फोटो के लिए सबके साथ नहीं आए। इस दौरान अलीजेह अग्निहोत्री, सोहेल खान की एक्स वाइफ सीमा सजदेह और रवीना टंडन भी दिखीं।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पार्टी 'पटना शुक्ला' फिल्म की वजह से हुई हो, जिसके प्रोड्यूसर अरबाज हैं। फिल्म शुक्रवार को रिलीज हुई। इसमें रवीना लीड रोल में हैं। इसी फिल्म की शूटिंग के दौरान अरबाज और शूरा की मुलाकात हुई थी। बता दें कि मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक हुए लंबा समय हो गया है। उनके एक बेटा अरहान खान है। अरबाज ने पिछले साल के अंत में मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ शादी कर ली थी।

## हॉलीवुड मसाला



# बाइक एक्सीडेंट में गई जान

नई दिल्ली। हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता चांस पेर्डोमो अब नहीं रहे। महज 27 साल की उम्र में अभिनेता ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। 30 मार्च को अभिनेता की एक बाइक एक्सीडेंट में जान गई। कला के प्रति उनका जुनून और जिंदगी के प्रति उनकी भूख से हर वह शख्स वाकिफ था, जो उन्हें जानते थे। चांस ने अपने करियर की शुरुआत कम उम्र में शुरू की थी। साल 2016 में उन्होंने शॉर्ट फिल्म लॉन्गफील्ड ड्राइव से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। हालांकि, उन्हें पॉपुलैरिटी आफ्टर वी फेल से मिली।




# एना और लाइवली की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**नई दिल्ली।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर लगभग 800 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। एना केंड्रिक ऑस्कर नॉमिनेटेड एक्ट्रेस, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। साथ ही न्यूयॉर्क टाइम्स की बेस्ट सेलिंग लेखिका भी हैं। नेटफ्लिक्स की फिल्म वुमन ऑफ द आवर से वो निर्देशकीय पारी शुरू कर रही हैं।



# हीरामंडी के लिए बनाया रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी: दि डायमंड बाजार सेट पर एक शॉट को रिकार्ड-ब्रेकिंग टाइम यानि 20 मिनट में पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास रच दिया। संजय लीला भंसाली की फिल्म हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी: द डायमंड बाजार का दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हो गया है। इस गाने में सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। सोनाक्षी सिन्हा ने इस फिल्म के सेट पर एक शॉट को रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 20 मिनट में यानी की पहले टेक में ही पूरा कर इतिहास भी रच दिया है। बताया जा रहा है कि दमदार दृश्य की शूटिंग के बाद सेट पर मौजूद पूरी टीम के साथ-साथ संजय लीला भंसाली ने भी सोनाक्षी को स्टैंडिंग ओवेशन दिया था।



# मनोज की 'जोरम' अब मुफ्त में यूट्यूब पर

**मुंबई।** मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भैया जी' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इससे पहले मनोज को फिल्म 'जोरम' में देखा गया था, जो पिछले साल 8 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी। सिनेमाघरों के बाद इस फिल्म ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दी और अब आप 'जोरम' को फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं। 'जोरम' को आप जी म्यूजिक कंपनी के यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। इस खबर की जानकारी देते हुए निर्माताओं ने फिल्म का लिंक भी दिया है। 'जोरम' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 40 लाख रुपये का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी दसरू (मनोज) की है, जो झारखंड की आदिवासी बस्ती में रहता है। उसे अपनी पत्नी (तनिष्ठा चटर्जी) और 3 महीने की बच्ची जोरम के साथ मुंबई आना पड़ता है, जहां वह मजदूरी करके खुशहाल जिंदगी जीता है।

# उषा मेहता के किरदार में नहीं जमीं सारा अली खान



**मुंबई।** सारा अली खान स्टारर ऐ वतन मेरे वतन अब अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। यह जीवनी नाटक उषा मेहता के जीवन पर आधारित है, जो एक स्वतंत्रता सेनानी थीं और उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सक्रिय रूप से काम किया था। सारा, जिन्हें आखिरी बार मर्डर मुबारक में एक ग्लैमरस भूमिका में देखा गया था, कन्नन अय्यर की नवीनतम रिलीज़ में एक शांत उषा की भूमिका निभा रही हैं। वह खादी साड़ियां पहनती हैं और हर मौके पर 'करो या मारो' चिल्लाती हैं, लेकिन ऐ वतन मेरे वतन में भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने में असफल रहीं। ऐ वतन मेरे वतन की शुरुआत कनिष्ठ उषा द्वारा अपने पिता से यह कहने से होती है कि वह उड़ना चाहती है। सचिन खेडेकर द्वारा अभिनीत, उषा के पिता उसे आकाश में ऊंची उड़ान भरने के लिए पंख खोजने के लिए कहते हैं। इसके बाद फिल्म 1940 के दशक की कहानी बताती है जब सारा अली खान को भारत में ब्रिटेन की भागीदारी पर अपने पिता के साथ मतभेद करते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, जल्द ही उषा को एहसास हुआ कि उनके पंख उनकी लड़ाई की भावना और राष्ट्र के प्रति प्रेम हैं। फिर उषा ने लोगों को एकजुट करने और भारत छोड़ो आंदोलन को प्रज्वलित करने के लिए कांग्रेस रेडियो नाम से अपना रेडियो स्टेशन शुरू किया।

कनगराज के निर्देशन में बनेगी फिल्म

# रजनीकांत की थलाइवर 171 का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** रजनीकांत की 'जेलर' ने देश के साथ पूरी दुनिया में धमाल मचा दिया और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। रजनीकांतजल्द ही डायरेक्टर लोकेश कनगराज के साथ नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने थलाइवर 171 मूवी का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज कर दिया है। इसमें रजनीकांत का धांसू लुक नजर आ रहा है। पोस्टर में रजनीकांत सोने की घड़ी से बनी हुई हथकड़ी पहने दिख रहे हैं। उन्होंने गोल्डन फ्रेम वाला सनग्लास भी कैरी किया हुआ है। फिल्म का टाइटल फिलहाल सामने नहीं आया है। 'लियो' और 'विक्रम' जैसी सुपरहिट फिल्म बनाने वाले लोकेश का रजनीकांत के साथ यह पहला प्रोजेक्ट है। लोकेश ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए फिल्म के बारे में अपडेट दिया। फिल्म का टाइटल 22 अप्रैल को रिवील किया जाएगा।

### इस साल के अंत तक हो सकती है रिलीज

फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज पर है, जो इस साल के अंत तक रिलीज हो सकती है। प्रोडक्शन सन पिक्चर्स कर रहा है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में इसका ऐलान किया था। फिल्म में शिवकार्तिकेयन का भी खास रोल है। बता दें कि गत वर्ष बॉक्स ऑफिस पर जेलर सरीखी फिल्म देने वाले रजनीकांत की इस वर्ष विशेष भूमिका वाली फिल्म लाल सलाम को असफलता का मुंह देखना पड़ा। इस फिल्म का निर्देशन ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया था, जो रजनीकांत की बेटी हैं।

# कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी

**मुंबई।** मनीषा कोइराला किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। हालांकि, 2012 में कैंसर के कारण अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया से पूरी तरह दूरी बना थी तो अब वह फिर पर्दे पर वापसी कर चुकी हैं। मनीषा जल्द ही संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' में नजर आएंगी। ऐसे में अभिनेत्री ने कैंसर को मात देने के बाद मिली दूसरी जिंदगी और 'हीरामंडी' के लिए आभार जताया है। मनीषा ने इंस्टाग्राम पर 'हीरामंडी' में अपने सह-कलाकार सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल के साथ नजर आईं तो उनके माता-पिता, प्रकाश कोइराला और सुषमा कोइराला भी शामिल हैं। अभिनेत्री ने बताया कि वह कई चीजों के लिए आभारी हैं, जिसमें उनके करियर के उतार-चढ़ाव से लेकर अच्छे निर्देशक, दोस्त और कैंसर से जंग जीतकर मिली दूसरी जिंदगी शामिल है। मनीषा बोलीं, मुझे अब बेहतरीन फिल्में या शहरी जीवन नहीं चाहिए। मैंने केवल उन लोगों के साथ काम करना चुना है, जिनका मैं सम्मान करती हूं, इसलिए जब भंसाली का फोन आया तो मुझे पता था कि थोड़े समय के लिए अपनी शांत दुनिया को छोड़कर इसे करना सही होगा। अभिनेत्री ने भंसाली की तारीफ करते हुए कहा कि वह पहले दिन से ही प्रतिभाशाली थे।



'हीरामंडी' का हिस्सा बन आभारी हैं मनीषा कोइराला

# 'गुड्डी' से 'ड्रीमगर्ल' तक, इन अभिनेत्रियों ने सियासत में भी छुआ आसमान



*मुंबई। लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में सभी पार्टियों की तैयारियां भी तेज हो गई है। इस बार सियासी जमीन पर अभिनेत्री कंगना रनोट भी दांव- पेंच खेलते हुए नजर आ रहीं हैं। उनसे पहले भी कई अभिनेत्रियां राजनीति के क्षेत्र में लोहा मनवा चुकी हैं। उत्तर से दक्षिण तक, कई नामी अभिनेत्रियों ने राजनीति की जमीन पर कदम रखा और सफलता की परिभाषा लिख दी। पर्दे पर भले इन्होंने ग्लैमर्स अंदाज दिखाया हो लेकिन राजनीति में गंभीर राजनेत्री बनकर अपनी जिम्मेदारी निभाई।*

## वर्तमान में कंगना चुनाव मैदान में

सिनेमा और सियासत का रिश्ता काफी पुराना है। पर्दे पर अपनी अदाकारी से करोड़ों लोगों को दीवाना बनाने वाले सितारे अक्सर चुनावी बिसात पर किस्मत आजमाने पहुंचते रहे हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार भी कई फिल्मी हस्तियां ताल ठोकते हुए नजर आ रही हैं। मंडी लोकसभा क्षेत्र से कंगना रनौत मैदान में हैं तो मथुरा से हेमा मालिनी चुनावी समर में एक बार फिर उतरी हैं।

## दोनों सदनों की सदस्य रहीं जया प्रदा



साउथ फिल्मों के बाद हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने वाली जया प्रदा भी एक सफल राजनेत्री हैं। सियासत में रुझान बढ़ने के साथ 32 साल की उम्र में वो तेलुगु देशम पार्टी के साथ जुड़ी थीं। इसके बाद समाजवादी पार्टी और 2019 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जया संसद के दोनों सदनों की सदस्य रह चुकी हैं।

## 6 बार मुख्यमंत्री बनीं जयललिता



तमिल सिनेमा की लीजेंड्री अभिनेत्री जयललिता ने भी सियासत की गलियों में खूब नाम कमाया। जयललिता को राजनीति में लाने का श्रेय तमिल सिनेमा के आइकॉनिक स्टार एमजी रामचंद्रन को जाता है, जिन्होंने जया के साथ कई फिल्मों में काम किया था। जयललिता ने 1982 में एआइएडीएमके ज्वाइन की थी। वो 6 बार तमिलनाडु की मुख्यमंत्री बनीं।

## अमरावती से चुनाव मैदान में नवनीत कौर

नवनीत कौर एक मशहूर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्मों में लंबे अर्से तक काम किया है। नवनीत 2019 में अमरावती से लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंची थीं। इस बार वो बीजेपी के टिकट पर अमरावती से ही चुनावी मैदान में हैं।

## राज्य सभा सदस्य रहीं नरगिस

नरगिस अपनी स्क्रीन प्रेजेंस के लिए आज भी याद की जाती हैं। मदर इंडिया, बरसात और आवारा समेत अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्में दीं। अदाकारी के बाद नरगिस ने राजनीति में भी हाथ आजमाया और राज्यसभा में जाने वाली पहली भारतीय अभिनेत्री बनीं। नरगिस 3 अप्रैल 1989 से 3 मई 1981 तक (निधन से पहले) राज्यसभा सदस्य रहीं।



## पॉलिटिक्स में लंबी पारी खेल रहीं हेमा मालिनी

हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने भी राजनीति में अपना दबदबा बनाया। भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर हेमा मालिनी ने पॉलिटिक्स में एक लंबी पारी खेली और अभी भी मैदान में डटी हुई हैं।

## राज्य सभा सदस्य जया बच्चन



बॉलीवुड की गुड्डी जया बच्चन, समाजवादी पार्टी की सदस्य हैं और राज्यसभा सांसद हैं। जया का राज्य सभा में चौथा कार्यकाल चल रहा है। 2004 में वो पहली बार राज्य सभा पहुंची थीं।



## मंत्री पद तक पहुंचीं स्मृति ईरानी

टीवी से करियर की शुरुआत करने वाली स्मृति ईरानी भारतीय जनता पार्टी का अहम हिस्सा हैं, क्योंकि सास भी कभी बहू के साथ घर-घर में छा जाने वाली स्मृति महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं। इससे पहले वो मानव संसाधन विकास मंत्री रह चुकी हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यायालय की अवमानना पर मुकदमा दर्ज

**रायगढ**। भूपदेवपुर के थाना प्रभारी रामकिंकर यादव ने एक मामले में सेशन कोर्ट के सुपुर्दनामा आदेश को मानने से इंकार कर दिया, जिसके बाद उनके ऊपर न्यायालय अवमानना अधिनियमए 1971 की धारा 12 एवं 14 के तहत न्यायालय में मुकदमा दर्ज कर लिया गया और पीड़ित पक्ष ने टीआई को दंडित करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना भूपदेवपुर के अपराध क्रमांक 20/24 धारा 279 और 337 के अंतर्गत गुरुश्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड की बोलेरो पिकअप सीजी 13. 2043 जब्त की गई थी। वाहन मालिक ने इस वाहन का सुपुर्दनामा लेने के लिए न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, खरसिया के अदालत में आवेदन पेश किया था जिसे थाना प्रभारी की आपत्ति के आधार पर खारिज कर दिया गया था। आवेदन खारिज होने पर गुरुश्री इंडस्ट्रीज द्वारा सेशन कोर्ट में रिवीजन दायर किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए षष्ठम अपर सेशन जजए रायगढ़ ने खरसिया कोर्ट के फैसले को पलटते हुए 21 मार्च को गाड़ी के सुपुर्दनामे का आदेश जारी किया। गाड़ी मालिक ने सत्र न्यायालय के इस आदेश को 23 मार्च को न्यायिक दंडाधिकारी, खरसिया दीप्ति बरवा के समक्ष पेश किया जिन्होंने इसे स्वीकार करते हुए भूपदेवपुर थानेदार को वाहन मालिक को वाहन का कब्जा देने और तत्संबंधी प्रतिवेदन कोर्ट में पेश करने का आदेश जारी किया। 23 मार्च को आदेश जारी किए जाने के बाद भी भूपदेवपुर टीआई ने जब्त वाहन का सुपुर्दनामा नहीं दिया और तमाम बहाने बनाते रहे, ऐसे में के खिलाफ शपथपत्र के साथ न्यायालय में कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट का मुकदमा पेश किया गया और सेशन जज से टीआई को दंडित करने की मांग की गई।

### बोर खनन के लिए एसडीएम की अनुमति जरुरी

**सारंगढ़**। जिले के सभी नागरिकों को अपने नगर अथवा ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से विधिवत अनुमति की आवश्यकता होगी। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत सारंगढ़ और बिलाईगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति देने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी अपने कार्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियमों में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नलकूप खनन आवश्यक होने पर अनुमति प्रदान करने की कार्यवाही करेंगे। यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा अधिनियम के उल्लंघन में नलकूप खनन करना पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़ संपूर्ण जिला को आगामी 31 जुलाई 2024 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है।

### 18 स्थायी सहित 66 वारंटियों की गिरफ्तारी

**रायगढ़**। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 18 स्थायी समेत 66 वारंटियों की गिरफ्तारी की गई है। इसी जानकारी पुलिस ने पत्रवार्ता के दौरान देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर यह कार्रवाईयां की गई। इस दौरान बताया गया कि पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर फरार आरोपियों एवं वारंटियों की नियमित जांच व पतासाजी थानों के द्वारा की जा रही है। वहीं आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 को भय मुक्त वातावरण में निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने प्रशासन व पुलिस आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविवार 6 अप्रैल को फरार वारंटियों की अधिक से अधिक तामिली के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें संपूर्ण जिले में 18 फरार स्थायी वारंटी और 48 गिरफ्तारी वारंट समेत कुल 66 वारंटों का निष्पादन' किया गया।

गिरफ्तार किए गए वारंटियों में थाना कोतवाली से 05, चक्रधरनगर थाना से 08, जूटमिल से 05 गिरफ्तारी और 03 स्थायी पुसौर से 03 गिरफ्तारी और 01 स्थायी, कोतरारोड़ से 03 गिरफ्तारी, 01 स्थायी वारंट कुल 29 स्थायी वारंटियों तामिली की गई है।

## किताबों के साथ कॉपियों में भी फिक्सिंग, 3 माह पहले से स्टॉक

# निजी स्कूलों व दुकानदारों की मिलीभगत से खाली हो रही अभिभावकों की जेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर समेत जिले भर के निजी स्कूलों में किताब, यूनिफॉर्म और स्टेशनरी आइटम के साथ साथ कॉपियों में भी बड़ा खेल हो रहा है। स्कूल संचालक उन्हीं प्रकाशकों की किताबों को प्राथमिकता देते हैं, जिनसे उन्हें मोटा कमीशन मिलता है। वे दुकानदारों से यह कमीशन वसूल करते हैं। इसी प्रकार कॉपियों के मामले में भी गडबड़ी की जा रही हैं। कुछ पुस्तक विक्रेता अंकित मूल्य पर कॉपियां बेचते हैं। जबकि कुछ 30-50 प्रतिशत तक की छूट देते हैं।

**खास बातें**
- एनसीइआरटी की जो किताब 150 की, प्राइवेट में उसकी कीमत 700
- प्रिंटिंग और क्वालिटी में अंतर का खेल

मीडिया की पडताल ये सामने आया है कि प्राइवेट स्कूल संचालक एनसीइआरटी की किताबों की जगह निजी प्रकाशकों की किताबें चलाते हैं। इनकी कीमत में जमीन और आसमान का अंतर रहता है। पहली कक्षा की एनसीइआरटी हिन्दी, गणित और अंग्रेजी की किताब की कीमत 200 रुपए है। जबकि निजी प्रकाशकों की एक पुस्तक ही इतने में मिलती है। स्कूल संचालक बच्चों का ज्ञानवर्धन करने के नाम पर 5 से 12 किताबें तक लगवाते हैं। इनमें कुछ का कोई बड़ा आधार नहीं होता। इससे अभिभावकों की जेब ढीली हो रही है।



स्कूलों से मिली किताब कापियों की सूची लेकर बुक डीपों पर जमा बच्चों के पालक।

### एक विषय की चार कॉपी

स्कूल संचालकों का हिसाब किताब पुस्तकों तक ही सीमित नहीं है। वे कॉपियों के मामले में भी अभिभावकों को जबर्दस्त चपत लगा रहे हैं। एक किताब के साथ तीन से चार कॉपी मंगाई जाती हैं। 100 पेज की कॉपी 50 से 70 रुपए की होती है। कुछ दुकानदार उसमें छूट देते हैं तो कुछ एक रुपए कम नहीं करते। इसका कारण स्कूल संचालकों की सूची है। उनका कमीशन फिक्स रहता है। ऐसे में दुकानदार रियायत देने से बचते हैं।

### घर और किराए के गोदाम में भंडारण

कमीशनखोरी का यह धंधा इतना बड़ा है कि कुछ दुकानदार शिक्षण सत्र शुरू होने से 2-3 माह पहले ही प्रमुख प्रकाशकों की पुस्तकों का भंडारण शुरू कर देते हैं। इसके लिए कुछ अपने घर में गोदाम बनाकर तो कुछ किराए पर गोदाम लेते हैं। यही कारण है कि किताब कॉपी और यूनिफॉर्म बेचने वाले कुछ दुकान संचालकों के विभिन्न स्थानों पर शोरूम और स्टोर्स चल रहे हैं। कुछ बुक डीपो संचालक तो निजी स्कूलों में ही वैकल्पिक गोदाम बना रखे हैं। इनकी जांच प्रशासन नहीं करता। जबकि जनवरी और फरवरी से इसकी जानकारी जुटाई जानी चाहिए। अभिभावकों की मांग है कि जिस तरह दूसरी चीजों का भंडारण कोटा फिक्स है, उसी हिसाब से कॉपी किताबों और स्टेशनरी के भंडारण का भी कोटा फिक्स होना चाहिए।

### अभिभावक खरीद चुके करोड़ों की किताबें, नहीं जागा जिला प्रशासन

प्राइवेट स्कूल की नर्सरी की किताबों का सेट 3000 रुपए पांचवीं का पूरा सेट 7 से 8 हजार रुपए एवं कक्षा आठवीं की किताबों का सेट 7 से 8 हजार रुपए में आ रहा है। इस तरह किताबों की कीमत कक्षावार बढ़ती जाती है, जबकि एनसीईआरटी की कक्षा आठवीं तक की पुस्तकें बाजार में अधिकतम 500 रुपए की हैं। इन किताबों में केवल प्रिंटिंग क्वालिटी में अंतर होता है। खास बात यह है कि यह सभी किताबें फिक्स दुकानों पर ही मिल रही हैं। जिले में 80 सीबीएसई स्कूल हैं। इन स्कूलों में सिलेबस के अलावा जो अन्य किताबें शामिल की गई हैं, वे 300 से लेकर 700 रुपए तक हैं। कंप्यूटर की किताब जो बाजार में 150-200 रुपए में मिल सकती है, वह तय दुकानों पर 600-700 रुपए में बेची जा रही है, पालकों को निजी किताब मजबूरी में कोर्स के साथ खरीदना पड़ रहा है।

### की जाएगी जांच

निजी स्कूलों को पहले भी हिदायत दी गई है किंतु इसके बावजूद यदि बेवजह निजी प्रकाशकों की किताबें खरीदने के लिए अभिभावकों को बाध्य किया जा रहा है तो जांच कराकर स्कूल और बुक डीपो संचालक पर कार्रवाई की जाएगी।

बी बाखला, डीईओ



## नगर में घुसे हाथी को वन विभाग ने निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते शनिवार की शाम लैलूंगा नगर एक हाथी के सड़क पर घूमते देखे जाने के बाद अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया। लोगों में हाथी का डर इस तरह समा गया था कि नगर की सड़के सूनी हो गई थी। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग टीम ने हाथी को शहर से बाहर जंगल की ओर सुरक्षित निकाला लिया है। हाथी के शहर में आने के दौरान किसी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। वन अमले के द्वारा हाथी के मूवमेंट को ट्रैक किया जा रहा है। हाथी पाकरगांव की ओर निकला है। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीओ फॉरेस्ट एमएल सिदार ने बताया कि एक नर हाथी देर शाम लैलूंगा शहर में पहुंचा। जिसे सुरक्षित निकाल लिया गया है। हाथी अब पाकरगांव से रूदुकेला की ओर आगे बढ़ा है। वन विभाग की ओर से एक रेंजर और दो डिप्टी रेंजर, 3 हाथी ट्रैकर सहित 15 वन कर्मियों की टीम हाथी के मूवमेंट को ट्रैक करते हुए साथ चल रही है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है।

- जान माल की कोई क्षति नहीं, वन अमला लगातार कर रहा ट्रैक

### गलत खबर के प्रसारण होगी एफआईआर

**सारंगढ़**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत छत्तीसगढ़ में आदर्श आचरण संहिता लागू है इस दौरान कोई व्यक्ति भड़काऊ भाषण देता है या निर्वाचन इलेक्शन से जुड़े किसी भी मतदान केन्द्र, मतदान सामग्री, ईव्हीएम, स्ट्रांग रूम आदि के संबंध में किसी व्यक्ति के द्वारा किसी भी प्रकार भ्रामक या असत्य, गलत खबर किसी भी माध्यम से चाहे वह मीडिया जिसमें वह सोशल मीडिया के फेसबुक, व्हाटसअप ग्रुप, इंस्टाग्राम, एक्स पूर्व नाम ट्विटर, पर प्रसारित करता है तो उस व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 505,125,153ए,153 B,295ए,298,171 सी,171जी से केस दर्ज होगा।

## विस्थापित व्यावसायियों को स्थान दिलाने उमेश की सीएमओ से चर्चा





**रायगढ**। खरसिया नगर में बीते सप्ताह पूर्व सड़क किनारे का अतिक्रमण हटाया गया था जिसमें प्रभावित दुकानदारों द्वारा स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री उमेश पटेल से मिलकर अपनी रोजी रोटी और रोजगार विहीन होने का हवाला देते हुए मदद की गुहार लगाई थी आने वाले नवरात्रि त्यौहार एवं वैवाहिक सीजन को देखते हुए इन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों में सामान का स्टॉक कर लिया था अचानक व्यवसाय उजड़ जाने से उनके परिवारों के समक्ष रोजी.रोटी की समस्या खड़ी हो गई थी इन सभी दुकानदारों की आप बीती सुनने के बाद विधायक उमेश पटेल ने इनके व्यवस्थापन हेतु सार्थक प्रयास करने का आश्वासन दिया था। जिसे लेकर खरसिया पहुंचे उमेश पटेल ने नगर पालिका सीएमओ से मुलाकात कर उजाड़े गए दुकानदारों के लिए व्यवस्था करने स्थान निर्धारित करने के लिए कहा एवं रायगढ़ कलेक्टर से भी मोबाइल पर बात की एवं सीएमओ नगर पालिका की भी बात करवाई। उमेश पटेल द्वारा दूसरी जगह इन्हें अपनी दुकान लगाने के लिए जगह दिलाने की बात कही एवं वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 1 से 2 माह तक टाउन हॉल में अस्थाई रूप से दुकान खोलने की अनुमति देने की मांग की जिस पर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा सीएमओ नगर पालिका खरसिया को जगह देखकर इन्हें व्यवस्थापित करने एवं उससे पूर्व एक से दो माह के लिए टाउन हॉल में जगह देने के लिए कहा गया है उजाड़े गए दुकानदारों ने पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

- लघु व्यवसायियों को विधायक का मिला साथ

### 8 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़**। अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में 07 अप्रैल को भूपदेवपुर पुलिस द्वारा ग्राम डोंगीतराई में मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्यवाही किया गया। थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक रामकिंकर यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डोंगीतराई का संजय चौहान लुक छिप कर अवैध शराब की बिक्री करता है जो आज भी शराब लेने गया हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई के लिए ग्राम डोंगीतराई स्टाफ भेजे, जहां भूपदेवपुर पुलिस द्वारा आरोपी संजय चौहान पिता कार्तिक राम चौहान उम्र 35 वर्ष निवासी डोंगीतराई थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ के कब्जे से 8 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 800 की जब्ती की गई है। आरोपी के कृत्य पर भूपदेवपुर पुलिस ने आरोपी पर धारा 34(2)59(क) के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न रिमांड पर भेजा।

## मतदाता सूची में नाम, केन्द्र और तिथि की जानकारी आयोग के एप पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए देश में निर्वाचन संबंधी जानकारी आम जनता तक सरलता से पहुँचाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग प्रयासरत है। आयोग ने कई मोबाइल एप और पोर्टल के माध्यम से से चुनाव के प्रक्रिया की जानकारी सभी मतदाताओं को पहुँचाने का काम किया है। श्वोटर हेल्पलाइन एप निर्वाचन से जुड़ी सभी जानकारी पाने के लिए उपयोगी है।

इसी प्रकार मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट में भी जाकर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी जैसे मतदाता सूची में अपना नाम खोजनाए मतदान केंद्र, मतदान तिथि व समय की जानकारी प्राप्त कर सकते है। मतदाता सूची में नाम इस एप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके साथ ही वे यह भी चेक कर पाएंगे कि वे वोट डालने के योग्य हैं या नहीं। वोटर रजिस्ट्रेशन और सुधार मतदाता अपना मतदाता सूची में नाम रजिस्टर्ड नहीं है तो इस ऐप की मदद से वोटर्स मतदाता सूची में अपना वोटर 10 अप्रैल तक रजिस्टर कर सकते हैं। वोटर स्लिप डाउनलोड ऐप से वोटिंग के लिए इलेक्टोरल रोल या फिर डिजिटल फोटो वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं।

चुनाव से जुड़ी जानकारी ऐप पर यूजर्स चुनाव से जुड़ी जानकारियां रिजल्ट अपडेट और उम्मीदारों के बारे में डिटेल्स जान सकते हैं। मतदाता सूची में नाम कैसे खोजें वोटर हेल्पलाइन एप की मदद से यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम खोज सकते हैं, इसके साथ ही इलेक्टोरल लिस्ट डाउनलोड भी कर सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए आपको एप के होम पेज पर दिख रहे सर्च बार पर क्लिक करना है। सर्च बार पर टैप करते ही नया पेज ओपन होगा, जहां मोबाइल नंबर, क्यूआर कोड, डिटेल्स या इपिक नंबर डालकर यूजर्स मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढ सकते हैं। मतदाता सूची में नाम खोजना. नाम, पिता पति के नाम, जन्मतिथि, उम्र, लिंग, राज्य या चुनावी क्षेत्र की जानकारी के जरिए मतदाता सूची में नाम खोज सकते हैं।

### विवाद के बाद नवयुवक ने की आत्महत्या

**रायगढ**। युवक दोस्तों के साथ झगड़ा के बाद इस कदर व्यथित हुआ कि उसने आधी रात को आत्मघाती कदम उठाते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। इस घटना के बाद चक्रधर नगर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले को जांच में ली है। जानकारी के मुताबिक प्रहलाद देवांगन पिता संजय देवांगन उम्र 22 साल पंजरी प्लांट का रहने वाला है। युवक घर व पोताई का काम करता था। रोजना की तरह वह काम से आने के बाद अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने गया था। तत्पश्चात उसका किसी के साथ वाद विवाद भी हुआ था। जिसके बाद वह घर आ गया। तत्पश्चात अपने कमरे में केबल तार का उपयोग फांसी का फंदा बनाकर उसमें झूलते हुए आत्महत्या कर लिया। इसकी भनक तब लगी जब उसकी नानी उठी और उसे आवाज लगाई तो फंदे में उसे देखकर उसकी पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मतदान दलों की ट्रेंनिग का एडीएम ने किया निरीक्षण

**रायगढ़**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने पीएम केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में चल रहे मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पाण्डेय ने सभी मतदान दलों को निर्वाचन कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, अतःनिर्वाचन के प्रत्येक प्रक्रिया की बेहतर जानकारी ले। साथ ही मतदान दिवस हेतु निर्धारित सभी प्रक्रिया में सतर्कता रखें, जिससे निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न पूर्ण हो सके। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की शंका होने पर प्रश्न अवश्य करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण मनोयोग से ट्रेनिंग प्राप्त करने को कहा। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के प्रत्येक चरणों की विस्तृत जानकारी देते हुए प्रश्न भी पूछे।

## गौण खनिज का अवैध परिवहन, लोडर समेत 3 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेलवे लाईन में मिट्टी डालने के नाम पर अनुमति लेकर निजी भूमि में डाल रहे मिट्टी माफिया न केवल जोगीतराई में बल्कि छुहीपाली से भी मिट्टी व मुरूम का उत्खनन कर अवैध परिवहन कर रहे हैं। देर से ही सही पर माईनिंग विभाग का इस ओर ध्यान गया है। खनिज विभाग ने छुहीपाली में दबिश देकर हाईवा व जेसीबी मशीन को जब्त किया है।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम जोगीतराई में तुलसी, हरिओम व



एक अन्य व्यक्ति मिलकर मिट्टी का उत्खनन कर रहे हैं। वहीं रेलवे लाईन के बजाय अन्यत्र मिट्टी खपाई जा रही है। ये मिट्टी माफिया न केवल जोगीतराई बल्कि छुहीपाली में भी इसी तरह अवैध कारोबार कर रहे हैं। मीडिया में यह बात उजागर होने के बाद खनिज विभाग के अधिकारी नींद से जागे हैं। खनिज विभाग के अधिकारियों ने छुहीपाली में दबिश दी तो वहां जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई की जा रहा थी।

इस पर खनिज विभाग के अधिकारियों ने अवैध उत्खनन पाए जाने पर चार वाहनों को जब्त किया है, जिसमें सीजी 13 एआर 7657, सीजी 13 एल 9693, सीजी 11 एजे 7955 व जेसीबी मशीन शामिल हैं। वहीं वाहनों की जब्ती कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### जागरुकता के लिए समूह की महिलाओं ने निकाली रैली





**सारंगढ़**। भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान में मतदान के महत्व को ग्रामीण, शहरी, दिव्यांग, युवा, सभी प्रकार के मतदाताओं को समझाने और उनके मतदान के उपयोग के लिए प्रेरित करने हेतु बीएलओ और बिहान समूह की महिलाओं ने अपना एकमात्र उद्देश्य बना लिया है। निर्वाचन गतिविधियों में वे सम्मिलित होकर लोकतंत्र के पर्वए देश के गर्व को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक सेतु का कार्य कर रही हैं। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम गोड़म में बिहान समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत सामूहिक मतदाता शपथ ली। इसके साथ ही गांव की गलियों में सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो बोट देहे बर का नारा लगायीं। गांव के खेत खलिहान क्षेत्र में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों के कार्यस्थल में भी मतदाता शपथ का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन की ओर से यह जनजागरूकता के लिए अभियान के रूप में पूरे जिले में किया जा रहा हैं।

## पेज 1 का शेष

### गुस्साए हाथी ने ...

आम्बाकछार सरपंच राकेश पैंकरा सहित कई ग्रामीण बचाव दल के साथ गाए लेकिन मौषम खराब होने से सफलता निहि मिली लिहाजा सोमवार की सुबह फिर जंगल का रुख कर तलाश की तो देखा अमीर एक्का की लाश को हाथी ने अपने पैरों तले रौंद डाला जिससे उसका शरीर पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया था। मृत व्यक्ति के शरीर के लोथड़े मैदान में इधर-उधर बिखरे देखें जा सकते थे। सवाल ये उठता है कि जब वह विभाग ने चेतावनी जारी के पूरे इलाके को अलर्ट किया था उसके बाद ग्रामीणों ने अवैध लड़की कटाई करने जंगल क्यो गए। वन विभाग ने मौके पर पहुंच कर देखा तो जंगल से 3 बाईक और अवैध रूप से काटे गए हरे भरे पेड़ व कुछ सुखी लड़कियों सहित 2 फूल ट्रैक्टर ट्रालियों में भर कर काटी गई लकड़ियों का बड़ा ढ़ेर जप्त किया है। जिस मामले में मृतक सहित अन्य 9 ग्रामीण राजकुमार एक्का,विपिन तिर्की,विकास प्रजा,अनुपम नायक,विनोद पैंकरा,अजय तिर्की, तिलक एक्का,भगत,गाँझा पर अवैध लकड़ी कटाई का प्रकरण दर्ज कर जाँच कर रही है।

### स्वामी आत्मानंद ...

कक्षा पांचवी में पहला स्थान एनी एवलिन तिर्की दूसरा स्थान उपेन्द्र चन्द्र व तीसरे स्थान पर अनमोल अग्रवाल रहे। कक्षा छठवीं में पहला स्थान अरनव माहेश्वरी, दूसरा स्थान हिमेश श्रीवास तीसरा स्थान कशिश बंजारा। कक्षा सातवी में पहला स्थान रोशन कुमार साहू व दूसरा स्थान प्रिया चन्द्र व तीसरा सौर्य कुमार गुप्ता। कक्षा आठवी में पहला स्थान हिर्षिका निखाड़े,दूसरा स्थान सुरभी गुप्ता,व तीसरा स्थान हिरणाक्षी निखाड़े ने हासिल किया वही कक्षा नवमी में पहला स्थान पूर्वी साहू दूसरा स्थान पलवी बंजारा वही तीसरा स्थान अनुष्का शर्मा ने हासिल किया वही कक्षा 11वी बायो में पहला स्थान अमीषा सिदार दूसरा स्थान तनिशा शर्मा,तीसरा स्थान अनुराग बंजारा कक्षा 11वी कॉमर्स में पहला स्थान अभिषेक गुप्ता,दूसरा स्थान श्रेया शर्मा,तीसरा स्थान उपेन्द्र यादव ने हासिल कर स्कूल को गौरवान्वित किया परीक्षा परिणाम प्राप्ति के अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों ने अगले सत्र में अधिक परिश्रम करते हुए मन लगाकर अध्ययन करने का संकल्प लिया।

### असक्षम मतदाता घर पर करेंगे मतदान

**सारंगढ़**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत समाज का कोई भी वर्ग मतदान में अपनी भागीदारी से ना छूटेए इसके लिए घर घर जाकर मतदान का विकल्प दिया गया है। इसके अंतर्गत 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजनए असक्षमए 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को मतदान करने हेतु डाक मत पत्र की वैकल्पिक सुविधा प्रदान की गई है। अब इन वर्गों के ऐसे व्यक्ति जो मतदान दिवस को मतदान केन्द्र में पहुंचकर वोट डालने में अपने को असमर्थ पाते हैं, वे फॉर्म 12 घ भरकर डाक मतपत्र के विकल्प का चयन कर सकते हैं। जिले में 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता घर में वोटिंग करेंगे।





